क्षेत्रीय कार्यालय
उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
1–ए/आई.एन.एस.–1, आवास विकास कालोनी, बौद्ध विहार,
दिल्ली रोड, मुरादाबाद

पत्र संख्या 1167/N-13/507/2022 दिनांक 28.09.2022

Through E-Filing (E-mail: judicial-ngt@gov.in)

To,

The Registrar,
Principal Bench,
Hon'ble National Green Tribunal,
Copernicus Marg, New Delhi

**Sub: Regarding Joint Inspection Report in Compliance of order dated 30-08-2022 in matter of Sakshi Gupta Vs State of U.P. in O.A. No.507/2022.**

Sir,

In compliance of the direction passed by Hon'ble National Green Tribunal dated 30-08-2022 on matter mentioned above, the Joint Inspection report is hereby attached with a request to put up before Hon'ble National Green Tribunal for kind perusal.

Your Sincerely

(Vikas Mishra)
Regional officer

Enclosure: As Above.

Copy To:
1. District Magistrate, Moradabad.
2. Shri Pradeep Mishra, Advocate for U.P. Pollution Control Board
3. CEO-7, U.P. Pollution Control Board, Lucknow
4. Chief Law Officer, U.P. Pollution Control Board, Lucknow

Regional Officer

AEE CORS NEW 2022

*मा० एन०जी०टी० कोर्ट केस*
*ओ०ए०सं०–507/2022*

# कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट मुरादाबाद।

पत्रांक 377/एस०टी०–न०मजि०मुरा०/2022 दिनांकः 24 सितम्बर, 2022

विषयः– **माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा ओ.ए. संख्या–507/2022, साक्षी गुप्ता बनाम स्टेट ऑफ यू०पी० में पारित आदेश दिनांक 30.08.2022 के अनुपालन में संयुक्त जॉच आख्या का प्रेषण ।**

क्षेत्रीय अधिकारी,
उ०प्र० प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड,
मुरादाबाद।

कृपया उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद के पत्र संख्या–1088/एन–13/507/जनरल/2022 दिनांक 07.09.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 30.08.2022 के अनुपालन में कार्यवाही किए जाने हेतु समिति का गठन निम्नवत किया गया है :–

| | |
|---|---|
| 1– नगर मजिस्ट्रेट मुरादाबाद | अध्यक्ष |
| 2– नगर आयुक्त, नगर निगम, मुरादाबाद द्वारा नामित प्रतिनिधि। | सदस्य |
| 3– उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द्र, मुरादाबाद। | सदस्य |
| 4– क्षेत्रीय अधिकारी, उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुरादाबाद द्वारा नामित प्रतिनिधि। | सदस्य |

उक्त पत्र दिनांकित 07.09.2022 में उल्लिखित है कि मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा जाटो वाली गली, नियर शिव मन्दिर, पटपट सराय, मुरादाबाद के आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित बर्तन इकाई एवं छत पर स्थापित मोबाईल टावर के विरूद्ध की गयी शिकायत के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के आदेश पारित किए गए हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु उपरोक्त के संबंध में कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या क्षेत्रीय अधिकारी, उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुरादाबाद को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में कार्यालय पत्रांक–351/एस०टी०–न०मजि०मुरा०/2022 दिनांक 12.09.2022 निर्गत करते हुए गठित समिति की बैठक दिनांक 15.09.2022 को प्रातः 11:00 बजे नगर मजिस्ट्रेट मुरादाबाद के कलैक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1– श्री महेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, मुरादाबाद
2– श्री रईस अहमद, असिस्टेंट इंजीनियर, नगर निगम, मुरादाबाद।
3– श्री एम०के पाठक, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द्र, मुरादाबाद।
4– श्री जे०एन० तिवारी, असिस्टेंट इंजीनियर, उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुरादाबाद।
5– श्री राजीव कुमार, एम०ए०, उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुरादाबाद।

AEE

बैठक में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 30.08.2022 के अनुपालन हेतु विभागीय अधिकारीगण के मध्य हुई वार्ता उपरान्त शिकायत की जॉच हेतु स्थलीय निरीक्षण तददिनांक को ही किए जाने का निर्णय लिया गया तथा गठित समिति के सभी सदस्य दिनांक 15.09.2022 को अपरान्ह लगभग 12:00 बजे जाटो वाली गली, नियर शिव मन्दिर, पटपट सराय, मुरादाबाद में स्थित एवं संचालित बर्तन इकाई पर पहुंचे एवं बर्तन इकाई का स्थलीय एवं अभिलेखीय निरीक्षण किया गया।



(स्थलीय निरीक्षण के समय बर्तन इकाई स्वामी श्री धर्मेन्द्र सिंह से पूछताछ करते समिति के सदस्य)

शिकायतकर्ता द्वारा जाटो वाली गली, नियर शिव मन्दिर, पटपट सराय, मुरादाबाद में स्थित एवं संचालित जिस बर्तन इकाई के संबंध में शिकायत की गयी है, वह ए0एस0 मेटल एण्ड हर्बल(A S Metal and herbal) के नाम से संचालित है। निरीक्षण के समय मौके पर श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री अलबेल सिंह, निवासी– जाटो वाली गली, नियर शिव मन्दिर, पटपट सराय, मुरादाबाद उपस्थित मिले। श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि मैं इस वर्कशॉप का स्वामी हूँ तथा यह वर्कशॉप दिनांक 30.01.1990 से संचालित है एवं इसमें जॉबिंग एण्ड मशीनिंग का कार्य किया जाता है। हमारी वर्कशॉप में जॉब वर्क के आधार पर शेप्ड मेटल शीट का प्रयोग करते हुए मशीन प्रेसिंग के माध्यम से यूटेन्सिल(बर्तन) तैयार किए जाते हैं। प्रेसिंग प्रकिया से बर्तन तैयार करने हेतु स्टील, आयरन व ब्रास की शेप्ड मेटल शीट का प्रयोग किया जाता है। यह वर्कशॉप जिस बिल्डिंग में संचालित है, वह बिल्डिंग मेरे पिताजी श्री अलबेल सिंह के नाम पर है। वर्कशॉप स्वामी ने प्रपत्र प्रस्तुत कर बताया कि यह वर्कशॉप एम0एस0एम0ई0(MSME) में सूक्ष्म(MICRO) श्रेणी के उद्योग के रूप में पंजीकृत है। हमारी वर्कशॉप पर पर किए जाने वाले कार्य से कोई प्रदूषण नहीं फैलता। पूर्व में बिजली जाने के कारण कभी–कभार जेनरेटर का प्रयोग किया जाता था, परन्तु वर्ष 2017 से बिजली की बीस से बाईस घंटे निर्बाध आपूर्ति होने के कारण जेनरेटर का प्रयोग पूर्णतया बन्द कर दिया गया।

समिति द्वारा इस दो मंजिला बिल्डिंग की छत पर लगे दोनों टॉवरों का निरीक्षण किया गया। टॉवरों के संबंध में पूछताछ किए जाने पर श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री अलबेल सिंह द्वारा बताया गया कि यह दोनों टॉवर

बी0एस0एन0एल0(BSNL) कम्पनी के हैं, जिसके साक्ष्य स्वरूप उनके द्वारा सहायक प्रबन्धक(नियोजन), कार्यालय महाप्रबन्धक दूरसंचार, जिला मुरादाबाद द्वारा निर्गत किरायानामा पत्र संख्या–म.प्र.दू./मुरा./नियो0 /नान बीएसएनएल साइट/नियर कोतवाली/2015.16 दिनांक 03.03.2016 की प्रति प्रस्तुत की गयी। उनके द्वारा बताया गया कि विगत् दिनों देश में चल रही 5G टेस्टिंग प्रक्रिया के दौरान फैली अफवाहों एवं भ्रान्तियों के फलस्वरूप कुछ मौहल्ले वालों द्वारा मेरे पिता से इन मोबाईल टॉवरों से रेडिएशन फैलने की आशंका के दृष्टिगत टॉवरों को हटवाने की बात कही थी, जिस पर मेरे पिताजी श्री अलबेल सिंह द्वारा मौहल्ले वासियों को टॉवर हटवाने हेतु अपनी सहमति दे दी थी। यदि मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा टॉवरों को हटाने हेतु आदेशित किया जाता है, तो हम उसका पालन सुनिश्चित करेंगे।





(छत पर लगे दोनों मोबाईल टॉवर एवं उनको छत पर जाकर देखते समिति के सदस्य)

शिकायतकर्ता कु0 साक्षी गुप्ता ने मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली को ऑनलाईन शिकायती पत्र दिनांक 25.04.2022 प्रेषित कर शिकायत की है कि मेरे पड़ोसी, जिनके द्वारा हमारे घर के पीछे एक यूटेन्सिल बनाने की फैक्ट्री चलाई जा रही है, जिससे बहुत ध्वनि प्रदूषण होता है। फैक्ट्री में बड़ी मशीनों से ना सिर्फ ध्वनि प्रदूषण होता है बल्कि वायु प्रदूषण भी होता है। इसके अलावा पड़ोसी ने अपनी छत पर दो टॉवर लगवा रखे हैं, जिनसे बहुत रेडिएशन होता है। मेरे घर के सामने की रोड ज्यादा चौड़ी नहीं है और बड़े वाहन जैसे– छोटी पिकअप ट्रक आदि इस क्षेत्र में आने से पूरी सड़क बन्द हो जाती है। ऐसे भारी वाहनों के आने से मेरे घर के सामने की सड़क टूटी गयी है और ये वाहन हमारी सड़क कई बार तोड़ चुके हैं। लेबर आदि के कारण घर के आस–पास का माहौल ठीक नहीं है और महिलाओं को वहाँ से निकलने में असुविधा होती है। यहाँ की बहुत सारी परेशानियों के संबंध में म्यूनिसपेलिटी और अथॉरिटीज में शिकायत की गयी लेकिन उन्होनें कोई सुनवाई नहीं की और ना ही कोई एक्शन लिया।


कु0 साक्षी गुप्ता के शिकायती पत्र में उल्लिखित तथ्यों के संबंध में गठित समिति द्वारा की गयी कार्यवाही एवं जॉच में पाये गये तथ्य निम्नवत् हैं :–

शिकायतकर्ता द्वारा अपने शिकायती पत्र में जिस फैक्ट्री का उल्लेख किया है, वह बर्तन इकाई भारत सरकार के सूक्ष्य, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय(MSME) में ए0एस0 मेटल एण्ड हर्बल(A S Metal and

herbal) के नाम से पंजीकृत है, जिसके आधार पर यह सूक्ष्म(MICRO) श्रेणी की है तथा इकाई के संचालक श्री धर्मेन्द्र सिंह हैं। ए0एस0 मेटल एण्ड हर्बल(A S Metal and herbal) का जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या– 09BQMPS9992J1ZJ है। उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की छायाप्रतियाँ संलग्न हैं। यह बर्तन इकाई माइक्रो यूनिट/वर्कशॉप(जॉबिंग एण्ड मशीनिंग) के रूप में प्रश्नगत बिल्डिंग के भू-तल पर लगभग 90 वर्ग गज में दिनांक 30.01.1990 से संचालित है, जिसमें जॉबवर्क के आधार पर शेप्ड मेटल शीट(स्टील/आयरन/ब्रास) का प्रयोग करते हुए प्रेसिंग प्रक्रिया के माध्यम से यूटेन्सिल(बर्तन) तैयार किये जाते हैं। बिल्डिंग के प्रथम तल पर संचालक श्री धर्मेन्द्र सिंह के पिता श्री अलबेल सिंह का पुराना आवास बना है। निरीक्षण के समय यूनिट में 04 लेबर यूटेन्सिल(बर्तन) बनाने कार्य करती हुई पायी गयीं।



(मशीन से बर्तन बनाने की प्रक्रिया देखते हुए)



(कु0 साक्षी गुप्ता से वार्ता करते समिति के सदस्यगण)


शिकायतकर्ता द्वारा इस बर्तन इकाई से ध्वनि तथा वायु प्रदूषण होने की शिकायत की गयी है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली द्वारा जारी उद्योगों के श्रेणीवार विभाजन की सूची में श्वेत श्रेणी में आच्छादित है, जिस हेतु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सहमति प्राप्त किया जाना आवश्यक नहीं है। इस यूनिट में एक बड़ी, एक मध्यम एवं एक छोटे आकार की प्रेसिंग मशीन लगी हैं, जिन पर यूटेन्सिल(बर्तन) तैयार होने का कार्य होता पाया गया। प्रेसिंग मशीन के संचालन से जनित ध्वनि प्रदूषण की जॉच की गयी, जिसमें ध्वनि तीव्रता 54 डेसिबल पाई गई, जोकि निर्धारित मानकों के अनुरूप है। डी0जी0 सेट स्थापित नहीं पाया गया। पूर्व में संचालित डी0जी0 सेट को डिस्मेन्टल कर दिया गया है। इकाई में 15 किलोवाट का बिजली कनेक्शन लगा है। इकाई संचालक द्वारा उपलब्ध कराई गई अन्तिम जमा बिजली बिल की प्रति संलग्न है। तीनों प्रेसिंग मशीनों के नीचे एण्टी वाईब्रेशन पैड लगे नहीं पाये गये। इकाई के संचालक को निर्देशित किया गया कि प्रेसिंग मशीनों से होने वाले वाईब्रेशन(कम्पन) को नियन्त्रित किए जाने हेतु एण्टी वाईब्रेशन पैड लगाया जाना सुनिश्चित करें।

शिकायतकर्ता द्वारा अपने पडोसी की छत पर लगे दो टॉवरों से होने वाले रेडिएशन की शिकायत की गयी है। श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा किराया बढ़ाने का पत्र दिनांक 03.03.2016 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि ये


मोबाईल टॉवर दूरसंचार कम्पनी बी.एस.एन.एल., जोकि भारत सरकार का सामरिक उपक्रम है द्वारा लगाये गये हैं तथा दूरसंचार नियामक आयोग की टीम द्वारा टॉवर से होने वाले रेडिएशन की नियमित अन्तराल पर जॉच भी की जाती है, जिससे मोबाइल टॉवर के आस-पास के क्षेत्र में रहने वाले क्षेत्रवासियों पर रेडिएशन का कोई दुष्प्रभाव न पड़े।

बर्तन इकाई में कार्यरत लेबर आदि के कारण आस-पास का माहौल ठीक न होने और महिलाओं को वहाँ से निकलने में असुविधा होने संबंधी शिकायत के संबंध में स्थानीय थाना पुलिस से जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि थाना कोतवाली नगर पर इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं है।

वाहनों के आवागमन से शिकायतकर्ता के घर के सामने की सड़क व नाली क्षतिग्रस्त होने की शिकायत स्थलीय जॉच में सही पायी गयी तथा आस-पास कूड़ा-करकट पड़ा पाया गया। समिति के सदस्य असिस्टेंट इंजीनियर, नगर निगम, मुरादाबाद को इस सी0सी0 रोड एवं नाली की यथाशीघ्र मरम्मत कराते हुए पूरी गली की नियमित साफ-सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में नगर निगम मुरादाबाद द्वारा दिनांक 19.09.2022 को शिकायतकर्ता के घर के सामने टूटी नाली व सड़क की मरम्मत करा दी गयी है तथा पूरी गली में सफाई कराते हुए नियमित साफ-सफाई करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित कर दिया गया है।



(स्थलीय निरीक्षण के समय टूटी नाली / सड़क)




(नगर निगम द्वारा की गयी नाली / सड़क की मरम्मत)

चूंकि प्रश्नगत बर्तन इकाई के संबंध में कु0 साक्षी गुप्ता एवं उनके पिता श्री सुदीप कुमार गुप्ता द्वारा अपने समविषयक पृथक-पृथक शिकायती पत्र मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली को प्रेषित किए गये हैं, अतः बर्तन इकाई के निरीक्षण के उपरान्त समिति द्वारा इस बर्तन इकाई के पीछे बने घर में निवासरत शिकायतकर्तागण कु0 साक्षी गुप्ता व श्री सुदीप कुमार गुप्ता से उनकी शिकायत के संबंध में वार्ता की गयी। शिकायतकर्ता कु0 साक्षी गुप्ता पुत्री श्री सुदीप कुमार गुप्ता, आयु लगभग 19 वर्ष, निवासी जाटों वाली गली, पटपट सराय, थाना कोतवाली, जनपद मुरादाबाद द्वारा सशपथ अपना बयान दर्ज कराया गया कि *"मुझे मेरे घर के बराबर वाले घर में लगे मोबाईल टॉवर एवं बर्तन ढालने की मशीनों से शिकायत थी, जिसके बारे में मैनें एन0जी0टी0 में ऑनलाईन शिकायत की थी। हम इन मोबाईल टॉवरों को हटवाना चाहते हैं, जिनसे रेडिएशन होता हैं। इनको हटवाना ही हमारी प्राथमिकता है। इसके अलावा पड़ोस के मकानों में आने जाने वाले वाहनों से*

*हमारे घर के आगे की सड़क टूट गयी है, जिसे ठीक कराया जाये और साफ–सफाई पूरी गली में कराई जाये। इसके अलावा मुझे वर्तमान में पड़ोसी के कारोबार या व्यवहार से कोई दिक्कत नहीं है। यह बयान मैंने अपने पूरे होशोहवास में दिया है और मुझे और कुछ इसके अलावा नहीं कहना है। यही मेरा बयान है।"* (बयान मूलरूप में संलग्न)

शिकायतकर्ता कु0 साक्षी गुप्ता के पिता श्री सुदीप कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 रघुनाथ प्रसाद गुप्ता, आयु लगभग 45 वर्ष, निवासी–जाटों वाली गली, पटपट सराय, थाना कोतवाली, जनपद मुरादाबाद के बयान भी दर्ज किया गया। श्री सुदीप कुमार गुप्ता ने अपना सशपथ बयान दर्ज कराया कि *"मेरे घर के बराबर वाले मकान में छत पर 02 मोबाईल टॉवर लगे होने व उनसे होने वाले रेडिएशन के कारण दिक्कत की वजह से मैंने एन0जी0टी0 में शिकायत की थी। इसके अलावा बराबर के मकान में लगी बर्तन ढालने की मशीन की शिकायत भी की थी। वर्तमान में मुझे सिर्फ इतना कहना है कि मेरे बराबर वाले घर की छत पर लगे दोनों मोबाईल टॉवरों को तत्काल हटवा दिया जाये। इसके अलावा आने–जाने वाले वाहनों से मेरे घर के सामने टूटी सड़क को व नालियों को ठीक करा दिया जाये। पूरी गली में साफ–सफाई कराई जाये। इसके अतिरिक्त मुझे मेरे पड़ोसी के कार्य और व्यवहार से कोई दिक्कत वर्तमान में नहीं है। यह बयान मैंने अपने पूरे होशहवास में दिया है। यही मेरा बयान है, मुझे और कुछ नहीं कहना है। ईश्वर मेरी मदद करे।"* (बयान मूलरूप में संलग्न)

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 30.08.2022 के अनुपालन में गठित समिति की कृत कार्यवाही की संयुक्त हस्ताक्षरित आख्या अभिलेखीय साक्ष्यों सहित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नक– यथोक्त।

24/9/22 | 24/9/22 | 24/9 | 24/9/22

| | | | |
|---|---|---|---|
| असिस्टेंट इंजीनियर,<br>नगर निगम,<br>मुरादाबाद। | असिस्टेंट इंजीनियर,<br>उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,<br>मुरादाबाद। | उपायुक्त उद्योग,<br>जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द्र,<br>मुरादाबाद। | नगर मजिस्ट्रेट<br>मुरादाबाद। |

**प्रतिलिपि:– संख्या व दिनांक तदैव।**

1. जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

| | | | |
|---|---|---|---|
| असिस्टेंट इंजीनियर,<br>नगर निगम,<br>मुरादाबाद। | असिस्टेंट इंजीनियर,<br>उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,<br>मुरादाबाद। | उपायुक्त उद्योग,<br>जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द्र,<br>मुरादाबाद। | नगर मजिस्ट्रेट<br>मुरादाबाद। |

बयान साक्षी गुप्ता

मैं, साक्षी गुप्ता D/o श्री सुदीप कुमार गुप्ता, आयु-19 वर्ष लगभग R/o जाटों वाली गली, पटपट सराय, थाना कोतवाली, जनपद मुरादाबाद शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि मुझे मेरे घर के बराबर वाले घर में लगे मोबाईल टॉवर एवं बर्तन ढालने की मशीनों से शिकायत थी, जिसके बारे में मैंने N.G.T. में ऑनलाईन शिकायत की थी। हम इन मोबाईल टॉवरों को हटवाना चाहते हैं, जिनसे रेडिएशन होता है। इनको हटवाना ही हमारी प्राथमिकता है। इसके अलावा पड़ोस के मकानों में आने जाने वाले वाहनों से हमारे घर के आगे की सड़क टूट गयी है, जिसे ठीक कराया जाये। और साफ सफाई पूरी गली में कराई जाये। इसके अलावा मुझे वर्तमान में पड़ोसी के कारोबार या व्यवहार से कोई दिक्कत नहीं है। यह बयान मैंने अपने पूरे होशोहवाश में दिया है और मुझे और कुछ इसके अलावा नहीं कहना है। यही मेरा बयान है। बयान पढ़कर तस्दीक किया। ——

Sakshi
15/09/2022

(Sakshi Gupta)
9045001591
sakshigupta923@gmail.com

Rof

15/9/22
नगर मजिस्ट्रेट
मुरादाबाद

# बयान सुदीप गुप्ता



मैं, सुदीप कुमार गुप्ता S/o स्व. रघुनाथ प्रसाद गुप्ता आयु 45 वर्ष लगभग R/o जापे वाली गली, पटपट सराय, थाना कोतवाली, जनपद मुरादाबाद शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे घर के बराबर वाले मकान में छत पर 02 मोबाईल टॉवर लगे होने व उनमे होने वाले रेडिएशन के कारण दिक्कत की वजह से मैंने N.G.T. में शिकायत की थी इसके अलावा बराबर के मकान में लगी बर्तन ढालने की मशीन की शिकायत भी की थी। वर्तमान में मुझे सिर्फ इतना कहना है कि मेरे बराबर वाले घर की छत पर लगे दोनों मोबाइल टॉवरों को तत्काल हटवा दिया जाये। इसके अलावा आने-जाने वाले वाहनों से मेरे घर के सामने टूटी सड़क को व नालियों को ठीक करा दिया जाये। पूरी गली में साफ-सफाई कराई जाए। इसके अतिरिक्त मुझे मेरे पड़ोसी के कार्य और व्यवहार से कोई दिक्कत वर्तमान में नहीं है। यह बयान मैंने अपने पूरे होश हवास में दिया है। यही मेरा बयान है मुझे और कुछ नहीं कहना है। ईश्वर मेरी मदद करे। बयान पढ़कर तस्दीक किया

Sudee (signature)
15.9.2022
Sudeep K. Gupta
9045001591

v/f

(signature)

नगर मजिस्ट्रेट
मुरादाबाद

(15)

भारत सरकार
Government of India
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises

# UDYAM REGISTRATION CERTIFICATE

| | |
|---|---|
| UDYAM REGISTRATION NUMBER | UDYAM-UP-59-0020905 |
| NAME OF ENTERPRISE | A S METAL AND HERBAL |
| TYPE OF ENTERPRISE * | MICRO ( Based on FY 2020-21 ) |
| MAJOR ACTIVITY | SERVICES |
| SOCIAL CATEGORY OF ENTREPRENEUR | GENERAL |

NAME OF UNIT(S)

| S.No. | Udyog Aadhaar Memorandum | Unit(s) Name |
|---|---|---|
| 1 | UP59E0021188 | A S Metal and herbal |

OFFICAL ADDRESS OF ENTERPRISE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Flat/Door/Block No. | Pat pat sarai | Name of Premises/ Building | A s metal and herbal |
| Village/Town | Moradabad | Block | Moradabad |
| Road/Street/Lane | pat pat sarai | City | Moradabad |
| State | UTTAR PRADESH | District | MORADABAD , Pin 244001 |
| Mobile | 9410458284 | Email: | dharmendrasingh1968@gmail.com |

| | |
|---|---|
| DATE OF INCORPORATION / REGISTRATION OF ENTERPRISE | 30/05/2020 |
| DATE OF COMMENCEMENT OF PRODUCTION/BUSINESS | 30/01/1990 |

NATIONAL INDUSTRY CLASSIFICATION CODE(S)

| SNo. | NIC 2 Digit | NIC 4 Digit | NIC 5 Digit | Activity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25 - Manufacture of fabricated metal products, except machinery and equipment | 2599 - Manufacture of other fabricated metal products n.e.c. | 25994 - Manufacture of metal household articles (plates, saucers, pots, kettles, saucepans, frying pans and other non-electrical utensils, small hand-operated kitchen appliances and accessories) | Manufacturing |

DATE OF UDYAM REGISTRATION 13/09/2022

* In case of graduation (upward/reverse) of status of an enterprise, the benefit of the Government Schemes will be availed as per the provisions of Notification No. S.O. 2119(E) dated 26.06.2020 issued by the M/o MSME.

Disclaimer: This is computer generated statement, no signature required. Printed from https://udyamregistration.gov.in & Date of printing:- 13/09/2022

(14)

**For any assistance, you may contact:**

**1. District Industries Centre:** MORADABAD ( UTTAR PRADESH )

**2. MSME-DFO:** AGRA ( UTTAR PRADESH )

**Visit :** www.msme.gov.in ; www.dcmsme.gov.in ; ww v.in

Follow us **@minmsme** & @r

(13)

भारत सरकार
Government of India
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises

**Udyam Registration Number : UDYAM-UP-59-0020905**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Type of Enterprise** | MICRO | **Major Activity** | Services |
| **Type of Organisation** | Proprietary | **Name of Enterprise** | A S Metal and herb |
| **Owner Name** | SHRI DHARMENDRA SINGH | **PAN** | BQMPS9992J |
| **Do you have GSTIN** | Yes | **Mobile No.** | 9410458284 |
| **Email Id** | dharmendrasingh1968@gmail.com | **Social Category** | General |
| **Gender** | Male | **Specially Abled(DIVYANG)** | No |
| **Date of Incorporation** | 30/05/2020 | **Date of Commencement of Production/Business** | 30/01/1990 |

**Bank Details**

| Bank Name | IFS Code | Bank Account Number |
|---|---|---|
| State Bank of India | SBIN0005976 | 37327345679 |

**Employment Details**

| Male | Female | Other | Total |
|---|---|---|---|
| 6 | 0 | 0 | 6 |

**Investment in Plant and Machinery OR Equipment (in Rs.)**

| S.No. | Financial Year | Enterprise Type | Written Down Value (WDV) | Exclusion of cost of Pollution Control, Research & Development and Industrial Safety Devices | Net Investment in Plant and Machinery OR Equipment[(A)-(B)] | Total Turnover (A) | Export Turnover (B) | Net Turnover [(A)-(B)] | Is ITR Filled? | IT Ty |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2020-21 | Micro | 1500000.00 | 1500000.00 | 0.00 | 600000.00 | 0.00 | 600000.00 | No | N/ |

**Unit(s) Details**

| SN | Unit Name | Flat | Building | Village/Town | Block | Road | City | Pin | State | District |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A S Metal | house no. 117 | bazar ganj | pat pat sarai | | neem ki piyau | moradabad | 244001 | UTTAR PRADESH | MORADAB. |

(12)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | and herbal | | | | | ke saamne | | | | |
| 2 | A S Metal and herbal | Pat pat sarai | Neem ki piyau ke samne | Moradabad | Moradabad | Pat pat sarai | Moradabad | 244001 | UTTAR PRADESH | MORADAB. |

## Official address of Enterprise

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Flat/Door/Block No.** | Pat pat sarai | **Name of Premises/ Building** | A s metal and herbal |
| **Village/Town** | Moradabad | **Block** | Moradabad |
| **Road/Street/Lane** | pat pat sarai | **City** | Moradabad |
| **State** | UTTAR PRADESH | **District** | MORADABAD , **Pin :** 244001 |
| **Mobile** | 9410458284 | **Email:** | dharmendrasingh1968@gmail.com |

## National Industry Classification Code(S)

| SNo. | Nic 2 Digit | Nic 4 Digit | Nic 5 Digit | Activity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25 - Manufacture of fabricated metal products, except machinery and equipment | 2599 - Manufacture of other fabricated metal products n.e.c. | 25994 - Manufacture of metal household articles (plates, saucers, pots, kettles, saucepans, frying pans and other non-electrical utensils, small hand-operated kitchen appliances and accessories) | Manufacturi |

| | |
|---|---|
| Are you interested to get registered on Government e-Market (GeM) Portal | Yes |
| Are you interested to get registered on TReDS Portals(one or more) | No |
| Are you interested to get registered on National Career Service(NCS) Portal | |
| District Industries Centre | MORADABAD ( UTTAR PRADESH ) |
| MSME-DFO | AGRA ( UTTAR PRADESH ) |
| Date of Udyam Registration | 13/09/2022 |
| Date of Printing | 13/09/2022 |

(11)

Government of India

Form GST REG-06

*[See Rule 10(1)]*

## Registration Certificate

Registration Number :09BQMPS9992J1ZJ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Legal Name** | DHARMENDRA SINGH | | | |
| 2. | **Trade Name, if any** | A.S.METAL & HERBAL | | | |
| 3. | **Constitution of Business** | Proprietorship | | | |
| 4. | **Address of Principal Place of Business** | ., ., bazar ganj opp. neem ki piyau pat pat sarai, Moradabad, [illegible] Pradesh, 244601 | | | |
| 5. | **Date of Liability** | | | | |
| 6. | **Period of Validity** | From | 21/11/2017 | To | NA |
| 7. | **Type of Registration** | Regular | | | |
| 8. | **Particulars of Approving Authority** | | | | |

Centre Goods and Services Tax Act, 2017

Signature

| | |
|---|---|
| Name | Mahesh Kumar |
| Designation | Superintendent |
| Jurisdictional Office | UP1036 |
| 9. Date of issue of Certificate | 21/11/2017 |

Note: The registration certificate is required to be prominently displayed at all places of business in the State.

[T]his is a system generated digitally signed Registration Certificate issued based on the approval of the application by the Ju[risdictional] [ta]x authority

Pashchimanchal Vidyut Vitran Nigam Limited

**(Regd. Office Shakti Bhawan)**
**EUDSD 5 MORADABAD, UP, EUDD II MORADABAD, UP**

Printed Date: 14/09/2022

**Payment Receipt**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Receipt No. | 835981688809 | Counter No. | 12042202 |
| Collection Date | 14/09/2022 | Counter Name: | Cash Counter For EUDD-II MORADABAD-PVVNL |
| Account No. | 8359816000 | Tender Control ID | 5785903741 |
| Consumer Name | DHARMENDRA SINGH | Address | S/O ALBEL SINGHPAT PAT SARAI MORADABAD , MORADABAD 0502-67819 |
| Cash | Amount: | | 17740.00 |
| **Total Amount Received: 17740.00** | | | |
| **Received Amount : Seventeen Thousand Seven Hundred Fourty Rupees And Zero Paisa Only** | | | |

Payment Taken By:
KAMESHS : user
Receipt Printed By:
KAMESHS : user

(9)

नियोजन अनुभाग
कार्यालय महाप्रबन्धक दूरसंचार जिला मुरादाबाद
मुख्य दूरभाष केन्द्र भवन, सिविल लाइंस मुरादाबाद–244001
Plg. section
O/O General Manager Telecom District Moradabad
Main Telephone Exchange Building Civil Lines
Moradabad-244001
Phone No. -2411424 Fqx No. -2425312

# भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMTED
(A. Govt. of India Enterprises)

पत्रांकः म.प्र.दू./मुरा./नियो०/नान बीएसएनएल साइट/नियर कोतवाली/2015.16/ दिनांकः 03.03.2016

सक्षम अधिकारी के अनुमोदनोंपरान्त यह सूचित किया जाता है नान बीएसएनएल साइट नियर कोतवाली का किराया निम्नानुसार बढा दिया गया है।

| क्रम संख्या | किराया अवधि | पुराना किराया रू0 प्रतिमाह | बढा हुआ किराया रू0 प्रतिमाह |
|---|---|---|---|
| 01 | 03.11.2015 से आगे | 5438/– | 6798/– |

अतः आपसे अनुरोध है कि भवन स्वामी श्री अलवेल सिंह पुत्र स्व इमरत सिंह मोहल्ला पटपट सराय नीम की प्यायू के सामने मुरादाबाद को उक्त तालिकानुसार भुगतान किया जाये ।

सहायक महाप्रबन्धक (नियो0)
कार्यालय महाप्रबन्धक दूरसंचार जिला
मुरादाबाद

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-
1. लेखाधिकारी (रोकड़) कार्यालय वरिष्ठ महाप्रबंधक दूरसंचार जिला मुरादाबाद
2. श्री अलवेल सिंह पुत्र स्व इमरत सिंह
मोहल्ला पटपट सराय नीम की प्यायू के सामने
मुरादाबाद

(8)

मा० एन०जी०टी० कोर्ट केस
ओ०ए०सं०–507/2022

# कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट मुरादाबाद।

पत्रांक 351 /एस०टी०–न०मजि०मुरा०/2022 दिनांकः 12 सितम्बर, 2022

विषयः– माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा ओ.ए. संख्या–507/2022, साक्षी गुप्ता बनाम स्टेट ऑफ यू०पी० में पारित आदेश दिनांक 30.08.2022 के अनुपालन के संबंध में।

1– नगर आयुक्त, नगर निगम, मुरादाबाद द्वारा नामित प्रतिनिधि।

2– उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द्र, मुरादाबाद।

3– क्षेत्रीय अधिकारी, उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुरादाबाद द्वारा नामित प्रतिनिधि।

कृपया उपर्युक्त विषयक इस पत्र के साथ संलग्न जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद के पत्र संख्या–1088/एन–13/ 507/जनरल/2022 दिनांक 07.09.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में समिति का गठन करते हुए मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 30.08.2022 के अनुपालन में कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये गये हैं।

तद्नुक्रम में प्रश्नगत प्रकरण में मा० अधिकरण के आदेश दिनांक 30.08.2022 का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु दिनांक 15.09.2022 को प्रातः 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कलैक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में एक आवश्यक बैठक आहूत की गयी है। कृपया नियत तिथि, समय व स्थान पर बैठक में समस्त आवश्यक सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

संलग्नक– यथोक्त।

(एम०पी० सिंह)
नगर मजिस्ट्रेट
मुरादाबाद।

(7)

# कार्यालय जिलाधिकारी
## मुरादाबाद।

पत्रांकः 1088/N-13/507/जनरल/2022 दिनांकः 07-09-2022

1. नगर मजिस्ट्रेट, मुरादाबाद।
2. नगर आयुक्त, नगर निगम, मुरादाबाद द्वारा नामित प्रतिनिधि।
3. उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, मुरादाबाद।
4. क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुरादाबाद द्वारा नामित प्रतिनिधि।

**विषय : माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा ओ.ए. संख्या 507/2022, साक्षी गुप्ता बनाम स्टेट आफ यू0पी0 में पारित आदेश दिनांक 30.08.2022 के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा ओ.ए. संख्या 507/2022, साक्षी गुप्ता बनाम स्टेट आफ यू0पी0 में पारित आदेश दिनांक 30.08.2022 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। माननीय अधिकरण द्वारा जाटो वाली गली, नियर शिव मन्दिर, पटपट सराय, मुरादाबाद के आवासीय क्षेत्र में अवैध रुप से संचालित बर्तन इकाई एवं छत पर स्थापित मोबाइल टावर के विरुद्ध की गयी शिकायत के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के आदेश पारित किये गये हैं। उक्त के अनुपालन में कार्यवाही किये जाने हेतु नगर मजिस्ट्रेट, मुरादाबाद की अध्यक्षता में समिति गठित की जाती है।

अतः समिति को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुरादाबाद को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि मा0 अधिकरण के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। प्रकरण पर मा0 अधिकरण द्वारा अग्रिम सुनवाई की तिथि दिनांक 16.12.2022 को सूचीबद्ध किया गया है तथा अनुपालन आख्या दिनांक 30.09.2022 तक मा0 अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की जानी है।

संलग्नक : यथोपरि।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
जिलाधिकारी
मुरादाबाद

DM

Item No.07 (Court No. 2)

**BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL**
**PRINCIPAL BENCH**

(By Video Conferencing)
Original Application No. 507/2022

Sakshi Gupta ...Applicant

Versus

State of U.P ...Respondent

Date of hearing: 30.08.2022

**CORAM: HON'BLE MR. JUSTICE ARUN KUMAR TYAGI, JUDICIAL MEMBER**
**HON'BLE DR. AFROZ AHMAD, EXPERT MEMBER**

**Application is registered based on a Letter Petition received by Email.**

**ORDER**

1. Ms. Sakshi Gupta, resident of Jato Wali Gali, Near Shiv Mandir, Pat Pat Sarai, Moradabad, Uttar Pradesh has sent the present letter petition, which is treated and registered as original application, complaining that an illegal utensil factory is being operated by her neighbour in residential area of Jato wali Gali, Near Shiv mandir, Pat Pat Ssarai, Moradabad, Uttar Pradesh causing lot of noise and air pollution as big machinery is used in the processing which also emits smoke. Apart from this, the project proponent has established two mobile towers on his terrace which emits lot of radiations. Many overloaded vehicles ply in the area which have damaged the road and also caused damage to the environment posing serious health hazards to local residents.

2. This Tribunal is empowered to *suo moto* take cognizance of the cases involving questions relating to environment arising out of the implementation of enactments specified in First Schedule of the National Green Tribunal Act, 2010 as held by Hon'ble Supreme Court in ***Municipal Corporation of Greater Mumbai V/s. Ankita Sinha and others 2021 SSC Online SC 897.***

This Tribunal can also take cognizance of such cases on the basis of letter petitions in accordance with settled principles of law governing Public Interest Litigation.

3. *Prima facie*, the allegations made in the application raise questions relating to environment arising out of the implementation of the enactments specified in Schedule I to the National Green Tribunal Act, 2010. In view of the allegations made in the application, we consider it appropriate that a Joint Committee be constituted to verify the factual position. Accordingly, we constitute a Joint Committee comprising of representative of Director, Department of Industries, State of Uttar Pradesh, State PCB, Commissioner, Municipal Corporation, Moradabad and District Magistrate, Moradabad and direct the same to meet within two weeks, undertake visits to the site, look into the grievances of the applicant, associate the applicant and representative of the concerned project proponent, verify the factual position and submit its report within one month by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/OCR Supported PDF and not in the form of Image PDF. The State PCB will be the nodal agency for coordination and compliance.

4. In case the Joint Committee observes any violation of consent conditions/environmental norms, then it shall forward a copy of its report to:-

(i) the Project Proponent to enable him to comply with the recommendations in the report of the Joint Committee or file objections against the observations/recommendations contained in the same and file his response before this Tribunal as desired within one month from the date of receipt of a copy of the report of the Joint Committee; and

(ii) the Director, Department of Industries, State of Uttar Pradesh, State PCB, Commissioner, Municipal Corporation, Moradabad and

District Magistrate, Moradabad to enable them to take appropriate remedial action by giving notice to/hearing the project proponent and following due process of law in accordance with Statutory provisions mandating them to take remedial action for prevention, control and abatement of environmental pollution/degradation and protection and improvement of environment and they shall submit their action taken reports separately within one month from the date of receipt of a copy of the report of the Joint Committee.

The report be submitted within one month by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/OCR Supported PDF and not in the form of Image PDF.

5. List for further consideration on 16.12.2022.

6. A copy of this order, along with a copy of the application and documents attached with the same, be forwarded to the Director, Department of Industries, State of Uttar Pradesh, State PCB, Commissioner, Municipal Corporation, Uttar Pradesh and District Magistrate, Moradabad by e-mail for compliance.

Arun Kumar Tyagi, JM

Dr.Afroz Ahmad, EM

August 30, 2022
AG

Email

738/LP/2022
28/04/22

x/

Public Grievance

(4)

**Fwd: Complaint against air pollution and establishment of factory in a residential area.**

**From :** Registrar General <rg.ngt@nic.in> Mon, Apr 25, 2022 03:43 PM

**Subject :** Fwd: Complaint against air pollution and establishment of factory in a residential area.

**To :** Public Grievance <publicgrievance-ngt@gov.in>

**From:** sakshigpta923@gmail.com
**To:** "Registrar General" <rg.ngt@nic.in>
**Sent:** Monday, April 25, 2022 3:38:33 PM
**Subject:** Complaint against air pollution and establishment of factory in a residential area.

Good afternoon sir/mam. Myself Sakshi Gupta and I'm a resident of jato wali gali,near shiv mandir, Pat Pat sarai,Moradabad, UttarPradesh(244001). I'm here to complain against my neighbour who have a factory of utensil making beside our house. Because of this factory, there is a lot of noise pollution around us as many big machinery are used in the processing. Not only noise pollution,they also emit a lot of smoke which leads to air pollution. Apart from that, they also established 2 towers on their terrace,which releases a lot of radiation.
Due to this, large vehicles often comes in our locality,which cause inconvenience to us. The Road in front of my house is not that wide and when large vehicle like small pickup trucks comes,it blocks the entire road. They also damaged the Road in front of our house as the vehicles are heavily overloaded and broke our Road many times. The environment around the house is also not good as many labourers wander and causes inconvenience to the females passing-by. There are a lot of problems and we often complaint to the municipality and authorities but they never listen nor taken any action.
Please we request you to atheist check the situation and take some action as no one listening nor anyone is coming to help is. Please help us we can't shift anywhere and its becoming difficult to live here.
I hope you consider my.request and take action immediately. We are eagerly waiting for your reply.
Thank you

(3)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

(2)

Email

739/UP/2022
28/4/22

9/

**Public Grievance**

**Fwd: Complaint against air pollution and establishment of factory in a residential area**

**From :** Registrar General <rg.ngt@nic.in> Mon, Apr 25, 2022 03:45 PM

**Subject :** Fwd: Complaint against air pollution and establishment of factory in a residential area

**To :** Public Grievance <publicgrievance-ngt@gov.in>

* PG Seems Similar to PG No 738/UP/2022, clubbed with the PG-738/UP/2022. 06/9/22

**From:** sudeepgupta889@gmail.com
**To:** "Registrar General" <rg.ngt@nic.in>
**Sent:** Monday, April 25, 2022 3:17:29 PM
**Subject:** Complaint against air pollution and establishment of factory in a residential area

Good afternoon sir/mam. Myself Sudeep Kumar Gupta and I'm a resident of jato wali gali,near shiv mandir, Pat Pat sarai,Moradabad, Uttarakhand Pradesh(244001). I'm here to complain against my neighbour who have a factory of utensil making beside our house. Because of this factory, there is a lot of noise pollution around us as many big machinery are used in the processing. Not only noise pollution,they also emit a lot of smoke which leads to air pollution. Apart from that, they also established 2 towers on their terrace,which releases a lot of radiation.
Due to this, large vehicles often comes in our locality,which cause inconvenience to us. The Road in front of my house is not that wide and when large vehicle like small pickup trucks comes,it blocks the entire road. They also damaged the Road in front of our house as the vehicles are heavily overloaded and broke our Road many times. The environment around the house is also not good as many labourers wander and causes inconvenience to the females passing-by. There are a lot of problems and we often complaint to the municipality and authorities but they never listen nor taken any action.
Please we request you to atheist check the situation and take some action as no one listening nor anyone is coming to help is. Please help us we can't shift anywhere and its becoming difficult to live here.
I hope you consider my request and take action immediately. We are eagerly waiting for your reply.
Thank you

(1)

10/

Azadi Ka Amrit Mahotsav